# अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण)

**लडापुरा वाटर वर्क्स के निकट, झालू रोड, बिजनौर(उ0प्र0)**

**(दूरभाष / फैक्स : 01342–252649)**

**E-mail: ee_bjn_cdupjn@yahoo.co.in**


पत्रांकः 2359 / प्रेस कटिंग / 22 दिनांकः–05.06.2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषय :–** **उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ से प्राप्त प्रेस कटिंग पर आख्या का प्रेषण।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके कार्यालय से प्राप्त ई0पेपर अमर उजाला दिनांक 31 मई 2026 प्रेस कटिंग **" नलकूप, सोलर पैनल लगे, फिर भी 7 हजार आबादी प्यासी, ओवरहेड टैंक अधूरा "** खण्ड कार्यालय को आख्या उपलब्ध कराने हेतु प्राप्त हुई है। आपके द्वारा दिये गये निर्देशो के अनुपालन में उक्त पर आख्या निम्नानुसार सादर प्रेषित हैः–

| प्रेस कटिंग | आख्या |
|---|---|
| प्राप्त पेपर कटिंग में शहर से सटे ग्राम रसूलपुर पिरथी उर्फ आदमपुर में बसी कॉलोनियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए बनाई जा रही पेयजल परियोजना इसकी निर्धारित अवधि बीतने के दो साल बाद भी शुरू नहीं हो सकी। करीब चार करोड़ 88 लाख रुपये की इस परियोजना से नगर पालिका के बाहर की लगभग सात हजार की आबादी को पेयजल मुहैया कराया जाना था। नलकूप का निर्माण हो चुका है। सोलर पैनल और जनरेटर भी लगा दिया गया। साथ ही ओवरहेड टैंक के पिलर और ऊपरी स्लैब डालकर काम अधूरा छोड़ दिया गया है।<br>करीब दो साल पहले जल जीवन मिशन के तहत जब शहर से सटी आदमपुर की आबादी में पेयजल पाइप लाइन बिछाने का काम शुरू हुआ तो यहां के निवासियों को जल्द स्वच्छ पेयजल मिलने की उम्मीद जगी थी। घरों को कनेक्शन देकर पाइप में टोंटी लगा दी गईं थीं जो अब टूट गईं हैं। रेलवे लाइन के पास बन रही इस परियोजना का काम तीन मार्च 2023 को शुरू किया गया था और इसे मार्च 2024 तक पूरा किया जाना था। इसमें लगभग 90 प्रतिशत से ज्यादा काम हो चुका है। निर्धारित बजट भी लगभग खर्च हो चुका है लेकिन केवल ओवरहेड टैंक अधूरा होने के कारण करोड़ों की खर्च हुई रकम का किसी को कोई लाभ नहीं मिला। हालात यह हैं कि नलकूप के आसपास झाड़ियां उग आई हैं। ओवरहेड टैंक के ऊपरी हिस्से के निर्माण के लिए बांधी गई शटरिंग भी टूटकर बिखर गई है। यदि परियोजना शुरू हो जाए तो नगर पालिका से बाहर चक्कर रोड के किनारे बसी कई कॉलोनियों के निवासियों को शुद्ध पेयजल मिल सकेगा।<br>धिकारियों ने करोड़ों रुपये खर्च कर काम अधूरा छोड़ दिया है। थोड़ा सा काम बचा था, उसे पूरा नहीं कराया गया। अधिकारियों और सरकार को इस ओर ध्यान देना चाहिए। | जनपद बिजनौर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्राम रसूलपुर पिरथी, विकास खण्ड मौ0पुर देवमल में फेज–।।। के अन्तर्गत कार्यदायी एजेन्सी मै0विंध्या टेलीलिंक्स लि0 द्वारा पेयजल योजना का निर्माण कार्य किया जा रहा है।<br>योजना पर कार्यो की वर्तमान स्थिति के सम्बन्ध में एजेन्सी के पत्रांक VTLGaja-JV/SWSM/Bijnor/2025-26/1597 Dated 05-06-2026 के द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम **रसूलपुर पिरथी उर्फ आदमपुर, विकास खण्ड मौ0पुर देवमल** में निर्माणाधीन पेयजल योजना में टयूबवैल, पम्प हाउस, बाउण्ड्रीवाल का कार्य पूर्ण एवं ओवर हैड का कार्य 70 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है, पाइप लाईन का कार्य 22 किमी0 के सापेक्ष 19 किमी0पूर्ण, एफ0एच0टी0सी0 1300 नग के सापेक्ष 610 नग पूर्ण एवं सौलर अधिष्ठापन इत्यादि के कार्य पूर्ण किये जा चुके है।<br>एजेन्सी द्वारा अवगत कराया गया है कि उनके द्वारा 20–25 दिन में अवर जलाशय के अवशेष कार्य प्रारम्भ करा दिये जायेगें एवं अवशेष पाइप लाईन के कार्य पूर्ण कर पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ की जायेगी।<br>अधोहस्ताक्षरी द्वारा एजेन्सी को समस्त कार्य समयबद्ध रुप से पूर्ण कर पेयजल आपूर्ति शीघ्र प्रारम्भ करने के निर्देश दिये गये है। |

**भवदीय**

**(राकेश चौधरी)**
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0एवं दिनांक उपरोक्तानुसार


प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–


1– मुख्य अभियन्ता(मुरा0क्षे0), उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण) को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2– जिलाधिकारी महोदया बिजनौर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3– मुख्य विकास अधिकारी, बिजनौर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
4– जिला सूचना अधिकारी, बिजनौर को सूचनार्थ प्रेषित।
3– श्री अक्षय कुमार सहायक अभियन्ता / श्री संदीप पटेल जूनियर इंजीनियर को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4– प्रोजेक्ट मैनेजर, मैसर्स विंध्या टेलीलिंक्स लि0–गजा इंजी0प्रा0लि0 बिजनौर को इस निर्देश के साथ कि योजना से समयान्तर्गत पेयजल आपूर्ति सुचारु करना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता

Steno 2025 new-1

ग्राम रसूलपुर पिरथी, विकास मौ0पुर देवमल, जनपद बिजनौर।









**Vindhya Telelinks Limited - Gaja Engineering Private Limited JV**
Club 125, 6th Floor, Tower 'A', Plot No.-3,4 & 5, Sector 125, Noida -201301, India
P: +91-120-4950200 | F: +91-120-4950222 | E: epc.upjal@vtlrewa.com
PAN: AAHAV1983F | GSTIN: 09AAHAV1983F1Z4

**Ref: VTL-GAJA JV/SWSM/BIJNOR/2026-27/1597** **Date: 05-06-2026**

To,
The Executive Engineer,
UP Jal Nigam, Near Laddapura Water Works,
District Bijnor, U.P.

**Project:** - "Implementation of variopus Rural Water Supply projects in the State of Uttar Pradesh under Jal Jeevan Mission-III, District Bijnor, and Moradabad Division.

**Subject: "In reference of complain Raised in Amar Ujala Newspaper at scheme Rasulpur Pirthi Block Md Devmal under Jal Jeevan Mission (JJM) Phase-III in District Bijnor, Moradabad Division, Uttar Pradesh."**

**Ref.:**

1. NIT No. 2481/W-22/NIT/2020-21 dated 27/10/2021.
2. LOA No. 3558/W-25 (Moradabad)/2021-22 dated 07/01/2022.
3. Agreement No. 01/ED/Phase-3/2021-22 dated 07/01/2022.

Dear Sir,

With reference to the above cited subject, we would like to inform you that we had been nominated as implementing agency for the work of Rural Water Supply projects under Jal Jeevan Mission-III, District Bijnor.

In reference to the complaint raised in the Amar Ujala newspaper regarding the scheme in Rasulpur Pirthi, Block Md Devmal, concerning the completion of the water supply scheme work, In this scheme, we have completed the pump house, boundary wall, civil work, and solar work. We have also completed approximately 19 km of pipe laying work out of the 22 km scope, and 610 FHTCs out of 1,300. DG installation work is complete, and the OHT work is approximately 70% complete. After 20 to 25 days, the pending OHT work will begin, as will the remaining laying work of Distribution network and their commission work.

Thank you for your attention and cooperation.

**For and on behalf of Vindhya Telelinks Limited - Gaja Engineering Pvt. Ltd. JV,**

Authorized Signatory